मासिक घटनाक्रम संग्रह

अप्रैल 2019

HindvanshiEducation.com

- ज़ुज़ाना कापुतोवा (Zuzana Caputova) स्लोवाकिया की पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गई हैं।

- मध्य प्रदेश सरकार ने देश का पहला हीरा संग्रहालय छतरपुर ज़िले के खजुराहो में बनाने का फैसला किया है।

  इस संग्रहालय में पन्ना की खदानों से मिले 323 कैरेट के हीरे रखे जाएंगे।

- बोस्टन स्थित हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट (Health Effects Institute- HEI) द्वारा "स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर रिपोर्ट 2019" जारी की गई।

  रिपोर्ट के अनुसार वायु प्रदूषण वैश्विक स्तर पर मृत्यु दर के लिए वैश्विक जोखिम वाले कारकों में पाँचवे स्थान पर है।

- दक्षिण कोरिया ने पांच बार के चैंपियन भारत को सुल्तान अजलान शाह कप हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में पेनाल्टी शूटआउट में 4-2 से हरा कर खिताब अपने नाम किया।

- दिल्ली सरकार के स्कूल शिक्षक मनु गुलाटी को लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए 'मोस्ट प्रॉमिसिंग इंडिविज़ुअल श्रेणी' में उत्कृष्टता के लिए 2019 के "मार्था फैरेल पुरस्कार" से सम्मानित किया गया।

- भारत के दो सरकारी बैंकों देना बैंक तथा विजया बैंक का 01 अप्रैल 2019 से बैंक ऑफ बड़ौदा में विलय प्रभावी हो गया।

  इन दोनों बैंकों के विलय के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा SBI और ICICI के बाद देश का तीसरा सबसे बड़ा बैंक बन गया है।

- इसरो ने डीआरडीओ के 'EMISAT' सैटेलाइट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया।

  सेना की आंख कहा जाने वाला 'EMISAT' दुश्मन देशों के रडार का पता लगाने में मदद करेगा।

- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा ग्लोबल फाइनेंशियल स्टैबिलिटी रिपोर्ट (Global Financial Stability Report - GFSR) जारी की गई।

  ग्लोबल फाइनेंशियल स्टैबिलिटी रिपोर्ट (Global Financial Stability Report- GFSR) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की एक अर्द्धवार्षिक रिपोर्ट है जो वैश्विक वित्तीय बाज़ारों की स्थिरता और उभरते-बाज़ारों के वित्तपोषण का आकलन करती है।

हिन्दवंशी

- अमेरिका के वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारी डेविड मालपास को विश्व बैंक के 13वें अध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया।

- प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।

  विश्व स्वास्थ्य दिवस 2019 का विषय 'यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज (UHC): एवरीवन, एवरीवेयर' है।

- दक्षिण कोरिया पूरे देश में 5जी नेटवर्क की सुविधा लॉन्च करने वाला विश्व का पहला देश बनेगा।

- Reliance Jio ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में कदम रखते हुए स्टार्ट अप चैटबोट कंपनी "Haptik" का अधिग्रहण कर लिया है।

  Haptik आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित बिजनेस चैटबोट है जो ग्राहकों के प्रश्नों का जबाब देता है।

- संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'जायेद मेडल' से सम्मानित करने का फैसला किया है।

  प्रधानमंत्री मोदी को यह सम्मान भारत और यूएई के आपसी संबंधों को मजबूत करने के लिए दिया गया है।

हिन्दवंशी

- BIS और IIT दिल्ली मानकीकरण, परीक्षण तथा अनुरूपता मूल्यांकन के लिए IIT-दिल्ली के कैंपस में सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस की स्थापना करेंगे।

- टेलिकॉम ऑपरेटर भारती एयरटेल ने भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (FICCI) के सहयोग से मोबाइल एप My Circle लॉन्च किया, जो किसी प्रकार की समस्या या घबराहट के हालात में महिलाओं की मदद करेगा।

  संकट का संकेत मिलते ही यह अन्य टेलिकॉम ऑपरेटर्स के नेटवर्क के साथ फोन पर काम करेगा।

  इस एप से महिलाएँ जरूरत पड़ने पर अपने परिवार या मित्रों में से किन्हीं पाँच लोगों को 13 भाषाओं में संदेश भेज सकती हैं, जिनमें अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़, मराठी, पंजाबी, बांग्ला, उर्दू, असमी, ओड़िया और गुजराती शामिल हैं।

- भारत के शिक्षा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप 'दोस्त एजुकेशन' ने ब्रिटेन स्थित वर्की फाउंडेशन की ओर से दिए जाने वाले नेक्स्ट बिलियन एडटेक प्राइज 2019 जीता।

  यह पुरस्कार कम आय व उभरते देशों में शिक्षा पर मौलिक प्रभाव डालने वाली सबसे नवीन प्रौद्योगिकी को प्रदान किया जाता है।

दोस्त एजुकेशन को यह पुरस्कार ऐसे छोटे व फ्रेंडली ऑडियो कंटेंट के लिए प्राप्त हुआ जिसे मोबाइल के माध्यम से बच्चों के माता-पिता के पास भेजा जाता है, जिससे बच्चे प्रारंभिक शिक्षा आसानी से हासिल कर सकते हैं।

- गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर्यावरण प्रबंधन पद्धति के क्रियान्वयन के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (ISO) प्रमाणन प्राप्त करने वाला देश का पहला रेलवे स्टेशन बन गया है।

  गुवाहाटी रेलवे स्टेशन को राष्ट्रीय हरित न्यायधिकरण के निर्देश का पालन करते हुए रेलवे स्टेशन में उच्च श्रेणी आरक्षित लांज, प्रतिक्षा गृह, वातानुकूलित और गैर वातानुकूलित विश्राम गृह और सेनिटेशन के साथ पूरे स्टेशन परिसर में स्वच्छ और हरा-भरा माहौल उपलब्ध कराने लिए आईएसओ प्रमाणन दिया गया है।

- नीरज चोपड़ा को वर्ष 2018 के ईएसपीएन इंडिया मल्टी-स्पोर्ट्स अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ी चुना गया।

  पीवी सिंधु को वर्ष 2018 के ईएसपीएन इंडिया मल्टी-स्पोर्ट्स अवार्ड में सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

- अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल फीफा (फुटबॉल की विश्व नियामक संस्था) परिषद के सदस्य चुने जाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं।

- मानव संसाधन विकास मंत्रालय की उच्च शिक्षण संस्थानों की राष्ट्रीय रैंकिंग "नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क" NIRF 2019 जारी की गई है।

  NIRF 2019 की यूनिवर्सिटी रैंकिंग में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बैंगलूरू पहले स्थान पर है।

- रियो ओलंपिक की रजत पदक विजेता दीपा मलिक को उनकी 'प्रेरणादायी उपलब्धि' के लिए न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री के द्वारा सर एडमंड हिलेरी फैलोशिप 2019 के लिए चुना गया।

- इजराइल की निजी कंपनी का पहला चंद्र यान "बेरेशीट" चंद्रमा की सतह पर उतरने की कोशिश में क्रैश हो गया।

  यह दुनिया का पहला निजी चंद्र अभियान था जिसे इजराइल की प्राइवेट कंपनी SpaceIL ने अमेरिकी कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से रवाना किया गया था।

  अब तक सिर्फ रूस, अमेरिका और चीन को ही चांद पर यान उतारने में सफलता मिली है।

- छठवें भारत-श्रीलंका संयुक्त सैन्य अभ्यास 'मित्र शक्ति-2019' का आयोजन दियतलावा परेड ग्राउंड, बैदुल्ला जिला, श्रीलंका में किया जा रहा है।

हिन्दवंशी

- ऑनलाइन गेमिंग फर्म ड्रीम11 देश की पहली गेमिंग यूनिकॉर्न बन गई है।

  यूनिकॉर्न उन कंपनियों को कहा जाता है जिनकी वैल्यू कम से कम 1 अरब डॉलर (7,000 करोड़ रुपए) हो।

  महेंद्र सिंह धोनी ड्रीम11 के ब्रांड एंबेसडर हैं।

- भारत और सिंगापुर के बीच चार दिवसीय "बोल्ड कुरुक्षेत्र 2019" संयुक्त सैन्य अभ्यास का आयोजन झाँसी के बबीना कैंटोनमेंट में संपन्न हुआ।

  यह बोल्ड कुरुक्षेत्र सैन्य अभ्यास का 12वां संस्करण था।

  इस युद्ध अभ्यास का आयोजन दोनों देशों के बीच सैन्य टेक्नोलॉजी, समुद्री सुरक्षा को मज़बूत करने के उद्देश्य से किया गया।

- पश्चिम बंगाल सरकार की दो योजनाएं उत्कर्ष बांग्ला और सबूज साथी ने संयुक्त राष्ट्र सूचना सोसाइटी (WSIS) पुरस्कारों में प्रतिष्ठित विश्व शिखर सम्मेलन पुरस्कार जीता है।

  'उत्कर्ष बांग्ला' योजना के तहत 400 से 1200 घंटे तक निःशुल्क प्रशिक्षण देकर स्कूल छोड़ने वालों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है।

  'सबूज साथी' योजना का उद्देश्य छात्रों, विशेष रूप से लड़कियों को सशक्त बनाना और उच्च शिक्षा में ड्रॉप-आउट रेट को कम करना है।

- श्रीलंका के पहले उपग्रह रावण-1 को वर्जिनिया में नासा की फ्लाइट फैसिलिटी से अन्तरिक्ष में लांच किया गया।

- गूगल ने अपना नया क्लाउड प्लेटफॉर्म एंथोस (Anthos) लॉन्च किया।

  इसकी सहायता से उपयोगकर्ता कहीं से भी एप्लीकेशन चला सकता है।

- आईएनएस कोलकाता और आईएनएस शक्ति किंगदाओ में आयोजित होने वाले चीन की नौसेना के 70वें वर्षगांठ समारोह के अंतर्राष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू में भाग लेंगे।

  अंतर्राष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू नौसेना जहाजों, विमानों एवं पनडुब्बियों का एक परेड है और इसका आयोजन राष्ट्रों द्वारा सदभावना को बढ़ावा देने, सहयोग को मजबूत बनाने और उनकी संगठनात्मक क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है।

हिन्दवंशी

- पृथ्वी पर रहने वाले तमाम जीव-जंतुओं और पेड़-पौधों को बचाने तथा दुनिया भर में पर्यावरण के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लक्ष्य के साथ 22 अप्रैल को 'पृथ्वी दिवस' ('अर्थ डे') मनाया जाता है।

  वर्ष 2019 के अर्थ डे का विषय "संततियों को बचाएं" ('प्रोटेक्ट द स्पीशीज') है।

- हरियाणा के साइबर सिटी गुरुग्राम में देश का पहला वोटर पार्क बनाया गया है।

  इस पार्क के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जाएगा और उन्हें मतदान के महत्त्व से अवगत कराया जाएगा।

- विश्व होम्योपैथी दिवस प्रत्येक वर्ष 10 अप्रैल को मनाया जाता है।

  यह दिवस होम्योपैथी के संस्थापक जर्मनी के डॉ. क्रिश्चिन फ्रेडरिक सैमुएल हैनीमैन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

- इज़रायल में बेंजामिन नेतन्याहू ने लगातार पांचवीं बार चुनाव जीता है।

- विराट कोहली को विजडन लीडिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर का सम्मान प्रदान किया गया।

  विराट को लगातार तीसरी बार विजडन लीडिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर की उपाधि मिली है।

  स्मृति मंधाना को वीमेंस लीडिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर का सम्मान प्रदान किया गया।

हिन्दवंशी

- स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन अथवा नमामि गंगे कार्यक्रम को लन्दन में विश्व जल शिखर सम्मेलन में ग्लोबल वाटर इंटेलिजेंस द्वारा “पब्लिक वाटर एजेंसी ऑफ़ द ईयर” का खिताब प्रदान किया।

  यह पुरस्कार जल संरक्षण तथा जल की स्थिति में सुधार लाने के लिए की जानी वाली पहल के लिए प्रदान किया जाता है।

- लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस ने प्रोफेसर अमर्त्य सेन को असमानता के क्षेत्र में किए गए उनके कामों के लिए सम्मानित करते हुए ‘अमर्त्य सेन चेयर इन इनइक्वैलिटी स्टडी’ नामक अकादमिक पद स्थापित किया है।

- चुनाव आयोग ने एंड्रायड यूज़र्स के लिए "वोटर टर्नआउट" एप लॉन्च किया।

  इस एप की मदद से मतदान के दौरान वोटरों की संख्या और मतदान प्रतिशत के बारे में जानकारी मिलेगी।

- चीन के गुइझाऊ (Guizhou) शहर में पांच एशियाई देशों के चाय संघों ने 'एशियन टी एलायंस' (Asian Tea Alliance) के गठन की घोषणा की।

  इस एलायंस में पाँच देश भारत, चीन, श्रीलंका, इंडोनेशिया और जापान शामिल हैं।

  इस एलायंस का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर चाय के उपयोग को बढ़ावा देने के साथ-साथ, चाय के व्यापार को बढ़ावा देना तथा संस्कृति एवं प्रौद्योगिकी का आदान-प्रदान करना है।

- अमेरिका और ओमान को एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का दर्जा दिया गया है।

- चीन के शीआन में आयोजित एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप 2019 में भारत 1 स्वर्ण सहित कुल 16 पदक के साथ 8वें स्थान पर रहा।

  65 किलोग्राम पुरुषों की फ्रीस्टाइल में बजरंग पुनिया ने कजाकिस्तान के सयातबेक ओकासोव को 12-7 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

  ईरान 11 स्वर्ण सहित कुल 17 पदकों के साथ शीर्ष पर रहा।

- 25 अप्रैल को दुनियाभर में विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन किया गया।

  इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस का विषय 'Zero Malaria Starts With Me' है।

- मीना कुमारी मैसराम ने जर्मनी के कोलोन में आयोजित मुक्केबाजी विश्व कप-2019 में स्वर्ण पदक जीता है।

- संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में दुनिया के सबसे बड़े आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

  इस शिखर सम्मेलन का विषय 'AI एव्रीथिंग' है।

- प्रसिद्ध तेलुगू कवि डॉ.के. शिवा रेड्डी को वर्ष 2018 के 28वें सरस्वती सम्मान के लिए चुना गया।

  उन्हें यह सम्मान उनके काव्य संग्रह 'पक्की ओत्तिगिलिते' के लिए दिया जाएगा।

- जनरल इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया की चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर ऐलिस जी. वैद्यन को 'फ्रीडम ऑफ़ द

हिन्दवंशी

सिटी ऑफ़ लन्दन’ पुरस्कार प्रदान किया गया है।

उन्हें यह सम्मान भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच संबंधों को मज़बूत बनाने के लिए दिया गया है।

- ‘न्यूयॉर्क टाइम्स’ और ‘वॉल स्ट्रीट जर्नल’ को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके परिवार से संबंधित जानकारियां सामने लाने के लिए ‘पुलित्जर पुरस्कार’ से सम्मानित किया गया है।

- बीमा नियामक व विकास प्राधिकरण (IRDAI) ने माइक्रो इंश्योरेंस फ्रेमवर्क की समीक्षा के लिए सुरेश माथुर समिति का गठन किया है।

- वाशिंगटन डीसी स्थित अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (International Food Policy Research Institute-IFPRI) द्वारा वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट (Global Food Policy Report-GFPR), 2019 जारी की गई है।

- ईरान और पाकिस्तान ने ‘संयुक्त सीमा अनुक्रिया बल’ (Joint border reaction force) के गठन का निर्णय लिया।

  संयुक्त सीमा अनुक्रिया बल का गठन दोनों देशों द्वारा आतंकवाद का सामना करने के उद्देश्य से किया गया।

- 26 अप्रैल को दुनियाभर में विश्व बौद्धिक संपदा दिवस (World Intellectual Property Day) का आयोजन किया गया।

  बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए इस दिवस का आयोजन किया जाता है।

  इस वर्ष विश्व बौद्धिक संपदा दिवस का विषय 'Reach for Gold: IP & Sports' रखा गया है।

- भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी मिताली राज को स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के गुडविल एंबेसडर के रूप में नामित किया गया है।

- गूगल ने घाना की राजधानी अकरा में अपना पहला अफ्रीकी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) केंद्र खोला है।

  यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता केंद्र अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी के लिए समर्पित परियोजनाओं पर कार्य करने के लिए सॉफ्टवेयर इंजीनियरों और अनुसंधान वैज्ञानिकों की मेजबानी करेगी।

हिन्दवशी

- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक शनि के सबसे बड़े चांद टाइटन पर मीथेन की 100 मीटर से ज्यादा गहरी और छोटी झीलें हैं।

  नासा के कैसिनी अंतरिक्ष यान से जुटाए गए डाटा की मदद से वैज्ञानिकों को यह जानकारी मिली है।

- Resilient Cities Asia-Pacific congress का आयोजन नई दिल्ली में किया गया।

  इसका उद्देश्य एशिया-पसिफ़िक क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देना था।

- स्टार्टअप ब्लिंक के द्वारा 100 देशों की स्टार्टअप एनवायरनमेंट के आधार पर जारी की गई रैंकिंग में अमेरिका को शीर्ष स्थान प्रदान किया गया है।

  इस सूची में भारत को पिछले बार के 37वें स्थान की तुलना में 17वां स्थान प्रदान किया गया है।

  शहरों की रैंकिंग के अनुसार इस सूची में सैन फ्रांसिस्को शीर्ष पर जबकि भारतीय शहर बैंगलोर 11वें स्थान पर है।

- देश के मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई के खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों की आंतरिक जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के सीनियर मोस्ट जज जस्टिस एस. ए. बोबडे, जस्टिस एन. वी. रमन और जस्टिस इंदिरा बनर्जी की पैनल समिति बनाई गई।

- आंध्र प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा और मदद के लिए विशाखापत्तनम में "स्त्री शक्ति" नामक एक विशेष पुलिस टीम लॉन्च की गई है।

  इस टीम की सभी सदस्य महिलाएँ हैं जिनकी आसानी से पहचान के लिए अलग ड्रेस-कोड (नीली शर्ट और खाकी पैंट) बनाया गया है।

- मद्रास उच्च न्यायालय ने चीनी मोबाइल एप्लीकेशन टिकटॉक से कुछ शर्तो के साथ प्रतिबंध हटा लिया।

  न्यायालय ने ऐप से अंतरिम प्रतिबंध इस शर्त पर हटाया कि ऐप पर अश्लील वीडियो अपलोड नहीं किया जाएगा।

- भारतीय मूल की वैज्ञानिक गगनदीप कंग रॉयल सोसायटी में शामिल होने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं।

  रॉयल सोसायटी ब्रिटेन और राष्ट्रमंडल देशों की एक स्वतंत्र वैज्ञानिक अकादमी है, जो विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिये समर्पित है।

- नेपाल का पहला उपग्रह नेपालीसेट-1 अमेरिका के वर्जीनिया से सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया।

हिन्दवंशी

- फ्रांस स्थित 'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' द्वारा वार्षिक 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक' (World Press Freedom Index), 2019 जारी किया गया।

  इस सूचकांक में नॉर्वे को शीर्ष स्थान प्रदान किया गया है।

  विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक, 2019 में भारत वर्ष 2018 के 138वें स्थान के मुकाबले 140वें स्थान पर है।

- INSEAD द्वारा जारी वैश्विक प्रतिभा प्रतिस्पर्धा सूचकांक (Global Talent Competitiveness Index), 2019 में स्विट्जरलैंड को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ।

  वर्ष 2018 के 81वें स्थान के मुकाबले इस वर्ष इस सूचकांक में भारत को 80वां स्थान प्राप्त हुआ।

  इस वर्ष के सूचकांक का विषय 'प्रतिस्पर्धा हेतु उद्यमी प्रतिभा' (Entrepreneurial Talent and Global Competitiveness) था।

- भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) और राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) में अपनी पूरी हिस्सेदारी सरकार को बेच दी है।

  इसके बाद ये दोनों कंपनियां पूरी तरह से सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियां बन गई हैं।

- लेखक राणा दासगुप्ता को उनके 2010 के उपन्यास 'सोलो' के लिए रवींद्रनाथ टैगोर साहित्यिक पुरस्कार 2019 से सम्मानित किया गया।

- पाकिस्तान के पत्रकार सिरिल अलमिदा ने देश में असैन्य और फौज के रिश्तों की 'आलोचनात्मक और अनवरत कवरेज' के लिए 'द इंटरनेशनल प्रेस इंस्ट्टियूट' (आईपीआई) के 'वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम हीरो' पुरस्कार जीता है।

  संपादकों, मीडिया अधिकारियों और प्रमुख पत्रकारों की वैश्विक संस्था आईपीआई ने डॉन के सहायक संपादक सिरिल अलमिदा को 71वें 'वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम हीरो' के तौर पर नामित किया है।

- श्रीलंका सरकार ने कोलंबो में हुए सीरियल बम धमाकों के बाद बुर्का जैसे चेहरे ढकने वाले कपड़ों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

- भारत के युवा निशानेबाज मनु भाकर और सौरभ चौधरी की जोड़ी ने आईएसएसएफ निशानेबाजी वर्ल्ड कप के 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

हिन्दवंशी

- ऑस्ट्रेलिया की क्लेयर पोलोसॉक पुरुषों के अंतर्राष्ट्रीय वनडे मैच में अंपायरिंग करने वाली पहली महिला अंपायर बन गई हैं।

- भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए ग्रीन कार लोन योजना लॉन्च किया है।

  बैंक की योजना इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है।

- सरकारी कंपनी एनएचपीसी (NHPC) ने भारतीय सेना के लिए देश भर में कई जगह बंकर और सुरंग तैयार करने के लिए थलसेना के साथ समझौता किया है।

- बीजिंग में आयोजित अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप में भारतीय निशानेबाजी टीम ने तीन स्वर्ण और एक रजत के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

तमसो मा ज्योतिर्गमय
हिन्दवंशी
HINDVANSHI
HindvanshiEducation.com